Annex 3 . Radio Jingle scripts used for community sensitization

चाचा : एक बार राज कुमार के पेट में कीड़ों ने घर बना लिया, जिससे राज कुमार बीमार और कमजोर हो गया ।

बच्चा: फिर राज कुमार ने क्या किया चाचा ?

चाचा : राजकुमार ने खाई अलबेंडाज़ोल की गोली जिस ने कीड़ों को मार भगाया ।

बच्चा: सच !

चाचा : हाँ ! उसके बाद तन्दुरस्त राज कुमार ने राज कुमारी को राक्षसों से छुड़ा लिया इसलिए गुड्डू जब तुम्हे भी स्कूल अलबेंडाज़ोल की गोली दी जाए तो ज़रूर खाना

बच्चों का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब बेहतर होगा उनका स्वास्थ्य

इसलिए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए तथा उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए 23 जनवरी को अलबेंडाज़ोल की गोली सभी सरकारी विधयालयों में दोपहर के भोजन के बाद मुफ़्त दी जाएगी और छूटने पर 28 जनवरी को दी जाएगी l

23 और 28 जनवरी को बिहार के सभी जिलों के सरकारी विधयालयों में अलबेंडाज़ोल की गोली मुफ़्त खिलाई जाएगी

जनहित में जारी राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार

Continued Radio Jungle Script

दीना : मुखिया जी हमरा मुन्ना ख़ाता तो ठीके है
बकि
देह में लग बे नही करता है

मुखिया जी: दीना हो सकता है की उसके पेट में कीड़ा हो गया हो
इसको अलबेंडाज़ोल की गोली देने की ज़रूरत है।

अलबेंडाज़ोल से पेट के कीड़े ख़तम हो जाते हैं। जिसेसे बच्चों का ठीक तरह से शारीरिक और मानसिक विकास होता है और बच्चे कुपोषण का शिकार नही होते।

दीना : ए! मुखिया जी ! ई दवाई मिलेगा कहाँ ?

मुखिया जी: 23 जनवरी को सभी सरकारी विधयालयों में अलबेंडाज़ोल की गोली 6 से 14 साल के बच्चों को दोपहर के भोजन के बाद मुफ़्त दिया जाएगा और जो छूट जाएगा उसको 28 जनवरी को दिया जाएगा।

पिछले साल भी सरकार की इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य में काफ़ी सुधार हुआ था।

अच्छा ....

अलबेंडाज़ोल से कोई नुकसान नही होता 28 जनवरी को बिहार के सभी सरकारी विधयालयों में अलबेंडाज़ोल की गोली मुफ़्त खिलाई जाएगी

जनहित में जारी राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार